राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का पंजीकरण कार्य 25 जुलाई 2018 से 10 अगस्त 2018 तक सम्पन्न हुआ। दिनाँक 12-08-2018 को समस्त पंजीकृत स्वयंसेवकों की आम सभा आहूत की गयी तथा उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों से परिचित कराया गया।

15-08-2018 को समस्त पंजीकृत स्वयंसेवकों की परिचय गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा उसके उपरांत समस्त स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में सहभागिता की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों ने पौधरोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया और महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न पौधे लगाये।





08 सितम्बर 2018 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों ने अधिग्रहित मलिन बस्तियों में जाकर 'राष्ट्रीय साक्षरता मिशन' के अनुरूप साक्षरता के लिए जागरूक किया।





2 अक्टूबर 2018 को गाँधी जयन्ती के अवसर पर "वर्तमान युग में गाँधी की प्रासंगिकता" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया।



दिनाँक 25 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय योजना इकाई 8, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज के स्वयंसेवकों के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी के प्रारम्भ में कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने प्रजातन्त्र में अपने अधिकारों व मतदान के उचित इस्तेमाल को विस्तार से स्वयंसेवकों के मध्य रखा।संगोष्ठी में स्वयंसेवक आदित्य सिंह, पीयूष पाण्डेय, अचिन्त्य, शिवम पाण्डेय, धर्मेन्द्र यादव, निखिल कुमार शुक्ला, सतीश कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, विकास शर्मा व दीपांशु केसरवानी ने मतदान के महत्व व मतदाता के अधिकारों पर अपने विचारों को व्यक्त किया।स्वयंसेवक विराट त्रिपाठी ने संगोष्ठी का संचालन किया व अन्त में सभा कक्ष में उपस्थित सभी सदस्यों को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलायी।





समाचार पत्रों की कटिंग



## योगाभ्यास के साथ शुरू हुआ एनएसएस का शिविर

प्रयागराज। ईसीसी के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई एक, दो एवं पांच के विशेष शिविर का उद्घाटन स्वराज विद्यापीठ और ईसीसी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तीन, चार एवं सात के विशेष शिविर का उद्घाटन जमुना इंटर कॉलेज कैंपस में सोमवार को किया गया। स्वराज विद्यापीठ में शिविर की शुरुआत में स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। मुख्य वक्ता डॉ. अजित रे ने 'बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक मॉडल' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों को किसानों की आत्महत्या के ऊपर बना चलचित्र दिखाया गया।

## प्राचीन भारत में सैन्य संस्कृति पर हुआ मंथन

प्रयागराज। ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में सोम[illegible] को 'प्राचीन भारत में सैन्य संस्कृति' विषय [illegible] व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अ[illegible] थिति में रक्षा अध्ययन के पूर्व विभागाध्य[illegible] शेखर अधिकारी ने प्राचीन भारत की सैन्य सं[illegible] एवं उसके विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश [illegible] विशिष्ट वक्ता माध्यमिक शिक्षा सेवा चय[illegible] के सदस्य डॉ. भीरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि [illegible] में [illegible] संस्कृति का उद्भव एवं [illegible] भारत में ही हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता [illegible] के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह, स्वा[illegible] सुमन अग्रवाल, संचालन डॉ. मानवेंद्र [illegible] धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उदय सिंह भदौरिया [illegible]

## जीआईसी में प्रवेश [illegible]

प्रयागराज। राजकीय इंटर कॉलेज प्रधा[illegible] प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार सिंह के अनुसार [illegible] सत्र में कक्षा छह एवं नौ में प्रवेश के [illegible] प्रातः 11 से दो बजे कार्यालय वितरित [illegible]

## शिविर में डॉ. पीएस मैसी ने साझा किए अनुभव

प्रयागराज। ईसीसी की राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर का उद्घाटन सोमवार को स्वराज्य विद्यापीठ में हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. पीएस मैसी ने स्वयंसेवकों को आशीर्वचन देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा बताई। डॉ. अजिन रे ने स्वयंसेवकों को बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक मॉडल विषय पर व्याख्यान दिया। संचालन डॉ. प्रेमप्रकाश सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रचेतस ने किया। इसी प्रकार ईसीसी की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन जमुना इंटर कॉलेज में भी हुआ। शिविर में डॉ केएल पांडे, डॉ एके सिंह, डॉ. सोनाली चतुर्वेदी, डॉ संजय मिश्रा, डॉ. अशोक पाठक डॉ. प्रदीप प्रिया, डॉ. दीप्ति मौजूद थीं।

6:36 am

Prayagraj City ePaper:Prayagraj ...
https://epaper.jagran.com



## स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज में शुक्रवार को निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली।

जासं, प्रयागराज : यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में स्वयं सेवक विविध गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। इकाई 1, 2, 5 तथा 8 की ओर से स्वराज विद्यापीठ में आशुभाषण प्रतियोगिता हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से कीडगंज तक मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

बौद्धिक सत्र में [illegible] डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को सामाजिक भागीदारी विषय पर कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें अपनी निष्ठाओं का विस्तार करना सिखाती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को एनएसएस के मूल मंत्र नाट मी बट यू को समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान डॉ. प्रचेतस शास्त्री, डॉ. जोजी जो जॉर्ज एवं दुर्गेश [illegible] उपस्थित रहे। इकाई 3, 4 व 7 के स्वयंसेवकों ने डॉ. प्रदीप कुमार प्रिया, ज्ञान कुमार और डॉ दीप्ति मंडल ने रैली निकाली। रैली जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज परिसर से चलकर कीडगंज बस्ती होते हुए ईसीसी परिसर पहुंची। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि रसायन विभाग ईसीसी के प्रो. डॉ. जस्टिन मसीह ने समाज के उत्थान में योगदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। इसमें निर्णायक की भूमिका में डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ. प्रतिभा आर्या, डॉ. गजराज पटेल, रहे।

## गलत जवाब में रिकॉर्ड बना रहा चयन बोर्ड

टीजीटी वर्ष 2016

**पांच प्रश्नों का विवाद हाइकोर्ट में**

[illegible]

## छात्रों ने निकाली मतदाता रैली



प्रयागराज। ईसीसी राष्ट्रीय सेवा योजना की सात इकाइयों के विशेष शिविर के दौरान शुक्रवार को स्वराज विद्यापीठ में आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई और इसके बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से कीडगंज तक मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में ऑक्टा महासचिव डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें अपनी विधाओं का विस्तार करना सिखाती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉ. प्रचेतस शास्त्री, डॉ. जीजो जी जॉर्ज, दुर्गेश दीक्षित आदि मौजूद रहे। उधर, एनएसएस की इकाई तीन, चार एवं सात के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. जस्टिन मसीह ने छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए समय के महत्व को समझने की सलाह दी। इस मौके पर 'मोबाइल: युवाओं के लिए वरदान या अभिशाप है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## राजभाषा हिंदी के अनुपालन पर हुई चर्चा



## स्वयंसेवकों ने निकाली रैली, नुक्कड़ नाटक

## एजीयूपी हॉकी टीम 38 साल बाद खिताब

सिटी स्पोर्ट्स

पांडेय, शशिकांत श्रीवास्तव, वीपी बंसल, ... पाल सिंह, वेद प्रकाश, अजय भट्टाचार्य आदि

## नेत्र एवं देहदान के लिए प्रेरित करें स्वयंसेवक

प्रयागराज। ईसीसी की एनएसएस इकाइयों के शिविर का रविवार को समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि नेत्र सर्जन डॉ. मुकेश खरे रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों से लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। डॉ. पीयूष खरे ने समाज को देहदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

## कला उत्सव में बाल कलाकारों ने ...

प्रयागराज। आंचल फाउंडेशन की ओर से रवि...

आज का दिन



## ईमानदारी से खुद का मूल्यांकन करें युवा

## ...लों का निर्माण शुरू

## ट्रिपलआईटी में अपरोक्ष आज से, शायर राहत इंदौरी रहेंगे

## नाटक के जरिए बताई भूमिका

## एजीयूपी की हॉकी टीम

Prayagraj City | Main | 01 Apr

# न्यूज डायरी

## स्वंयसेवकों को नेत्रदान के लिए किया प्रेरित



प्रयागराज। ईसीसी राष्ट्रीय सेवा योजना की आठ इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविरों का रविवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि नेत्र सर्जन डॉ. मुकेश खरे ने स्वयंसेवकों से लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने को कहा। अध्यक्षता करते हुए डॉ. राम प्रकाश सिंह ने स्वंयसेवकों से अपने अनुभ साझा किए। इविवि की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मंजूर सिंह ने कहा कि स्वयंसेवकों की ओर से किए गए कार्य समाज को सही दिशा देते हैं।

## स्वच्छता के लिए शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

प्रयागराज। कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, प्रयागराज के सभागार में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर आधारित सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रयागराज मंडल के जिलों से कुल 150 प्रतिभागी शामिल हुए। अनुराग पांडेय, मिथिलेश चौरसिया एवं प्रकृति श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रतिभागियों को रोचक जानकारी हुए प्रशिक्षित किया। प्राचार्य शील वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया। इस मौके पर प्रियंका, डॉ. अनिल यादव, संजय कुमार, श्रीवास्तव, राजश्री कैथवास, राम शिरोमणि मिश्र आदि मौजूद रहे।



View all Pages | 09

शिविर | स्वयंसेवकों को आंख से संबंधित रोगों और उनसे बचाव के बारे में बताया गया

# देहदान के लिए लोगों को करें प्रेरित

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : ईविंग क्रिश्चियन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की आठ इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविरों का समापन रविवार को हुआ। इकाई 1, 2, 5 तथा 8 के शिविर के अंतिम दिन मुख्य अतिथि नेत्र सर्जन डॉ. मुकेश खरे ने स्वयंसेवकों को आंख से संबंधित रोगों और उनसे बचाव के बारे में बताया। स्वयंसेवकों से लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

अध्यक्षता करते हुए डॉ. रामप्रकाश सिंह ने स्वयंसेवकों से अपने अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डॉ. मंजु सिंह ने स्वयंसेवकों से कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्य समाज को सही दिशा देते हैं। स्वराज विद्यापीठ में प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों के बीच रंगकर्मी प्रवीण शेखर तथा रंगकर्म समीक्षक डॉ. अमितेश कुमार ने अपने विचार रखे। स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीजो सी जॉर्ज व संचालन डॉ. प्रचेतस शास्त्री तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। इकाई 3, 4, 6 व 7 के विशेष शिविर के समापन समारोह ईसीसी के मनोविज्ञान विभाग में हुआ। मुख्य अतिथि समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इविवि डॉ. मंजू सिंह रहीं। संचालन डॉ. मंजू तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रदीप प्रिया ने किया। डॉ. शीतला प्रसाद, डॉ. सोनाली चतुर्वेदी, डॉ. रामजी पांडेय, डॉ. अनिल शुक्ला आदि रहे।

मौर्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। डॉ प्रचेतस, डॉ जीजो सी जॉर्ज एवं श्री संदीप तिवारी निर्णायक की भूमिका में रहे।

आज दिनाँक 9 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिस्चियन कॉलेज की इकाई 33, 34 एवं 40 को विशेष शिविर के पांचवें दिन का आरम्भ योगासन से हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवक कीडगंज की झुग्गी झोपड़ियों में भ्रमण के लिए गये। वहाँ पर रहने वाले बच्चों के साथ बातचीत का भी कार्यक्रम हुआ। छोटे बच्चों ने देशभक्ति के गीतों को सुनाकर सभी को द्रवित कर दिया। उनसे प्रभावित होकर राष्ट्रीय सेवा योजना के बच्चों ने भी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की। इसके पश्चात वहाँ पर बच्चों के लिए काम कर रहे एवं एक पहल के जनक श्री विवेक दुबे ने अपने कार्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि वह यह कार्य बच्चों के लिए नहीं कर रहे हैं बल्कि स्वयं के लिए कर रहे हैं। इस कार्य को करने से स्वयं का विकास होता है एवं आत्मशुद्धि होती है। उन्होंने अपने साथ काम कर रहे लोगो से भी मिलवाया। हर्ष की बात यह है कि ये सभी यूइंग क्रिस्चियन कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं और कुछ वर्तमान समय में भी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विवेक को यह प्रेरणा राष्ट्रीय सेवा योजना में काम करते हुए मिली इसके लिए उन्होंने कॉलेज के शिक्षकों को धन्यवाद भी दिया। आज विशेष रूप से श्री पंकज अग्रवाल जी को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने स्वयंसेवकों को जीवन जीने और देश के लिए अर्पित हो जाने के लिए बहुत सारी गूढ़ बातों को बड़े ही सरल ढंग से बताया। उन्होंने कहा कि हम आज अपनी बात कह पा रहे हैं इसके लिए हमें आज़ादी के लिए बलिदान होने वाले शहीदों का आभारी हैं। उन्होंने विशेष रूप से स्वामी विवेकानंद, सुभाष चन्द्र बोस, अब्दुल कलाम एवं महात्मा गांधी का ज़िक्र करते हुए कहा उन्होंने सेवा का कठिन व्रत लिया था और उसके लिए वे जीवन पर्यंत संघर्षशील रहे। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने बच्चों एवं स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद एवं स्वामी रामकृष्ण परमहंस की कहानियों को सुनाकर जीवन के विभिन्न पहलुओं को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रचेतस एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जीजो सी जॉर्ज ने किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने झुग्गी झोपड़ियों में जाकर संपर्क कार्यक्रम किया जिससे वे वहाँ रहने वाले लोगों की दिक्कतों को समझ सकें और उनकी परेशानियों को दूर करने की कोशिश कर सकें।






राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व सन्ध्या पर 20 जून 2022 को **"योगदर्शन एवं योगाभ्यास"** पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रयागराज के प्रसिद्ध योगाचार्य श्री अखिलेश तिवारी जी के मार्गदर्शन में किया गया।

अखिलेश जी 1978 से योगदर्शन के अभ्यासी रहे हैं। आप लगातार मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ,आर. ए. एफ., आर्मी, एन. सी. सी., मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, स्पिक मैके ,नासी, उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र, स्वराज विद्यापीठ एवं अन्य संस्थाओं से भी जुड़कर योग की भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं।
कार्यक्रम में अखिलेश जी ने योगाभ्यास के साथ ही साथ उसके दर्शन से भी हम सभी को अवगत कराया। उन्होंने योग के द्वारा विभिन्न रोगों की रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम प्रकाश एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू तिवारी, डॉ प्रियंका विनी लाल, डॉ जॉन कुमार के साथ 50 से अधिक छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग nss के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

https://youtu.be/5cMvzgIFaRA




**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** के अवसर पर दिनाँक **21 जून, 2022** को राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज प्रयागराज द्वारा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। श्री राम चन्द्र मिशन से आए डॉ शिव कुमार सिंह, श्री प्रेम शंकर, श्री संगम लाल गुप्ता एवं श्री आर आर पटेल ने ध्यान की बारीकियों को समझाया और स्वयंसेवकों को ध्यान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका विनी लाल ने तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू तिवारी ने राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम का समापन किया।




आज़ादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता दिवस के दिन राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज ने देश के शहीदों को नमन करते हुए एक स्वतन्त्रता रैली निकाली। यह रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर आर्यकन्या महाविद्यालय, रामकृष्ण मिशन होते हुए मुट्ठीगंज के सड़कों से गुजरते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे जो बड़े ही जोश के साथ वन्दे मातरम् एवं भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। जिससे रास्ते में मिलने वाले लोग विशेषकर छोटे बच्चों का इस रैली शामिल होकर देशभक्ति से ओतप्रोत नारों को लगाना माहौल को खुशनुमा बना रहा था। हम सब स्वतन्त्रता के एहसास को महसूस कर रहे थे । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए. एस. मोजेज के नेतृत्व में निकली इस रैली में डॉ अशोक कुमार पाठक , डॉ जस्टिन मसीह, श्री राम जी पाण्डेय, डॉ मंजू तिवारी, डॉ प्रियंका विनी लाल, डॉ जॉन कुमार, डॉ प्रेम प्रकाश एवं स्वप्निल श्रीवास्तव सहित सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।














# रैली निकाल शहीदों को किया नमन



**PRAYAGRAJ (16 Aug):** आज़ादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता दिवस के दिन राष्ट्रीय सेवा योजना, इविंग क्रिश्चियन कॉलेज ने देश के शहीदों को नमन करते हुए एक स्वतन्त्रता रैली निकाली. यह रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर आर्यकन्या महाविद्यालय, रामकृष्ण मिशन होते हुए मुट्ठीगंज के सड़कों से गुजरते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई. रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे जो बड़े ही जोश के साथ वन्दे मातरम् एवं भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे. जिससे रास्ते में मिलने वाले लोग विशेषकर छोटे बच्चों का इस रैली शामिल होकर देशभक्ति से ओतप्रोत नारों को लगाना माहौल को खुशनुमा बना रहा था.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस मोजेज के नेतृत्व में निकली इस रैली में डॉ अशोक कुमार पाठक, डा जस्टिन मसीह, राम जी पांडेय, डा मंजू तिवारी, डा प्रियंका विनी लाल, डा जॉन कुमार, डा प्रेम प्रकाश एवं स्वप्निल श्रीवास्तव सहित सैकडों विद्यार्थी मौजद थे.

पुस्तकालय के भ्रमण ने सभी के अन्दर ऊर्जा का संचार कर दिया। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ गोपाल मोहन शुक्ल जी से स्वयंसेवकों का संवाद निश्चित तौर पर उनकी सोच एवं दृष्टि को एक नये फलक पर ले जाने जैसा था। इसके पश्चात आज़ाद पार्क के परिसर में स्थित गंगानाथ झा अनुसन्धान संस्थान (केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का भ्रमण किया गया। प्रो. गंगानाथ झा एवं उनके प्रो. अमरनाथ झा से जुड़ी कुछ रोचक किस्सों को कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों से साझा किया।












स्वल्पाहार के पश्चात द्वितीय सत्र में बाल विज्ञान खोजाशाला के निदेशक श्री सुरेन्द्र कुमार जी ने विज्ञान के सिद्धांतों जैसे न्यूटन के नियम, आर्कमिडीज के नियम, फैराडे के सिद्धान्त, विद्युत एवं चुम्बकत्व से जुड़े सिद्धांतों, ध्वनि तरंगों तथा प्रकाश से सम्बन्धित सिद्धांतों को साधारण प्रयोगों के माध्यम से कैसे समझा जा सकता है बताया। इन प्रयोगों को विद्यार्थियों के साथ चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क के परिसर में ही किया गया। प्रसिद्ध बाल वैज्ञानिक अरविन्द गुप्ता जी कबाड़ से जुगाड़ वाली पद्धति को अपनाते हुए ये प्रयोग सभी स्वयंसेवकों अत्यधिक रुचिकर लगे और उन्होंने इस ढाई घण्टे तक चले सत्र में सक्रिय भूमिका निभाई। आज़ाद जी के शहीद स्थल पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात राष्ट्रगान के साथ आज के शिविर का समापन हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज इकाई 8 (40)0के विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योगासन से हुई। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को योग के सैद्धांतिक पक्ष से परिचित कराया। बौद्धिक सत्र में विद्यार्थियों के मध्य शिक्षा की ज़रूरत एवं शिक्षा जगत की वर्तमान परिस्थितियों पर संवाद कार्यक्रम रखा गया। शिक्षक और विद्यार्थी दोनों की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। वहां उपस्थित स्वयंसेवकों के संवाद से जो बात निकलकर आयी वह है - " ऐसे समाज का निर्माण जिसके मूल में सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना हो।"

द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक 5 टुकड़ियों में कीडगंज स्थित अलग अलग झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में गये। वहाँ पर बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी नजदीक से देखा व महसूस भी किया।

1989 में, मॉडर्न टाइम्स संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय फिल्म रजिस्ट्री में "सांस्कृतिक रूप से, ऐतिहासिक रूप से, या सौंदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण" होने के लिए संरक्षण के लिए लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस द्वारा चुनी गई पहली 25 फिल्मों में से एक थी ।
फिल्म को स्वयंसेवकों ने खूब सराहा और अगले दिन फिल्म की समीक्षा लिखकर उस पर बातचीत करने का विचार हुआ। राष्ट्रगान के साथ पांचवें दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।




दिनांक 16- 03-2023 को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 8(40) के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का प्रारम्भ महाविद्यालय परिसर में योगासन के साथ हुआ। प्रथम सत्र में मुख्यवक्ता के रूप में संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ प्रचेतस थे। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह एक मंच है जिसके माध्यम से हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। देश निर्माण की प्रक्रिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। दो वर्षों के कार्यक्रम में जो कुछ भी सीखा जाता है उसका प्रभाव आपके सम्पूर्ण जीवन पर पड़ता है। राष्ट्रीय सेवा योजना पूरी तरह से " सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् ॥ " के सिद्धान्त का अनुपालन करना सिखाता है।
इसके पश्चात देशभक्ति गीतों एवं लोकगीतों की प्रतियोगिता हुई। इसमें निर्णायक के रूप में भी डॉ प्रचेतस ने महती भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता शर्मा को और संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्रकाश शुक्ल तथा आशीष कुमार पांडेय को और तृतीय स्थान स्वरा गुप्ता को मिला। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को अपनी झिझक और संकोच को दूर करने की प्रेरणा दी तथा गीतों के सुर, ताल लय एवं विषय वस्तु पर चर्चा की ।







द्वितीय सत्र में सामाजिक समरसता और विश्वबन्धुत्व के विचार को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज की सभी इकाईयों ने मिलकर एक रैली कीडगंज से होते हुए यमुना तट तक निकाली। जहां पर महाविद्यालय के पुरा छात्र एवं समाजकर्मी श्री विवेक दूबे के ओजस्वी विचारों से स्वयंसेवक

अत्यन्त प्रभावित हुए। रैली में कार्यक्रम अधिकारी डॉ सूरज गुणवन्त, डॉ जॉन कुमार, डॉ अरुणेय मिश्र, डॉ प्रेम प्रकाश एवं स्वप्निल श्रीवास्तव शामिल थे।









सभी स्वयंसेवक वापस महाविद्यालय लौटे जहां पर राष्ट्रगान के साथ आज का कार्यक्रम समाप्त हुआ।

दिनांक 17- 03-2023 को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 8(40) के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन का प्रारंभ योगासन से हुआ। चार घण्टे से ज्यादा चले प्रथम सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने गीतों, कहानियों, संस्मरण एवं चुटकुलों के द्वारा अपनी प्रतिभागिता को दर्शाया। इसके साथ ही साथ विशेष शिविर के अनुभवों को साझा किया। आज यह निश्चित किया गया था कि अपनी प्रतिभागिता के साथ ही स्वयंसेवक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। जिसका अनुपालन सभी ने किया। सभी स्वयंसेवकों ने एक स्वर में कहा कि विशेष शिविर के आयोजन की अवधि कम है इसलिए चाहकर भी हम बहुत से कार्यक्रम नहीं कर पाए। ग्रीष्मावकाश और अन्य अवकाश के दिनों के लिए नए कार्यक्रम भी बने जिसमें 10 दिनों की रंगमंच की कार्यशाला, लेखन कार्यशाला, वादविवाद प्रतियोगिता, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर प्रमुख हैं।

अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। डॉक्टर पीयूष खरे ने स्वयसेवको को इमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा रखते हुए प्रत्येक दिन आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। स्वयंसेवको ने पुस्तक देकर तथा गीत से दोनों अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रचेतस ने अतिथियों को धन्यवाद दिया।







# ईसीसी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

प्रयागराज।आज यूईंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई १ (३३), २ (३४) तथा ८(४०) के सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रारम्भ महाविद्यालय परिसर में हुआ। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के पुरा छात्र और मध्यप्रदेश सरकार में डिप्टी सेल्स टैक्स कमिश्नर श्री गजेन्द्र सिंह बघेल जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्री जीजो सी जॉर्ज ने ईश प्रार्थना की। श्री बघेल जी के ओजस्वी उद्बोधन ने स्वयंसेवकों के अन्दर ऊर्जा का संचार किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने स्वयंसेवकों को सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया। १९७० से १९७२ के समय के महाविद्यालय के अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। डॉक्टर पीयूष खरे ने स्वयसेवको को इमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा रखते हुए प्रत्येक दिन आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। स्वयंसेवको ने पुस्तक देकर तथा गीत से दोनों अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रचेतस ने अतिथियों को धन्यवाद दिया।

स्वल्पाहार के पश्चात द्वितीय सत्र में आज का भारत, वीआईपी कल्चर, बढ़ती नाभिकीय शक्ति, पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर स्वयंसेवकों से संवाद किया गया। स्वयंसेवकों से संवाद के कार्यक्रम में डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने समाज के, छात्र जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जिसमें मुख्य रूप से समाज में राज्य और शिक्षकों की भूमिका पर विचार विमर्श हुआ। ढाई घंटे से अधिक चले इस सत्र के पश्चात भी स्वयंसेवकों के प्रश्न उठ रहे थे जो निश्चित तौर पर संवाद की जरूरत को समझाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रचेतस ने किया। समापन राष्ट्रगान से हुआ।

स्वल्पाहार के पश्चात द्वितीय सत्र में आज का भारत, वीआईपी कल्चर, बढ़ती नाभिकीय शक्ति, पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर स्वयंसेवकों से संवाद किया गया। स्वयंसेवकों से संवाद के कार्यक्रम में डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने

Date:..........
Page:..........



## वाद-विवाद में अनिदय को मिला पहला स्थान

प्रयागराज। तरुण शांति सेना की ओर से मंगलवार यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज (ईसीसी) परिसर में वा विवाद प्रतियोगिता और काव्य पाठ आयोजित कि गया। इसमें 42 छात्रों ने प्रतिभाग किया। वाद-विव प्रतियोगिता में अनिदय पांडेय को पहला, आकृति पां को दूसरा, अंकित यादव और माधवेंद्र शुक्ला तीसरा स्थान मिला। काव्य पाठ में शिवेंद्र सिंह प्रथ अभिमन्यु तिवारी द्वितीय, अंशीमा श्रीवास्तव तृत रहीं। शिवम पांडेय को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मौके पर तरुण शांति सेना के निदेशक डॉ. राम प्रक सिंह, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. विवेक कुम निगम, दुर्गेश उपस्थित थे। संचालन छात्रसंघ अध्य अभिमन्यु तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विवेक याद जगदीश राय, शिखा पाल, चंदन पांडेय, माधवे शुक्ला आदि उपस्थित थे।

26.03.2019.

"अखबारों में तरुण शांति सेना। वाद-विवाद प्रतियोगिता को दैनिक समाचार पत्रिकाओं में स्थान मिला।"

25.03.2019.

"चित्र लेखन प्रतियोगिता के दौरान महासचिव विवेक यादव व डा. आर. पी. सिंह सर।"





27.03.2019.

"आशु निबन्ध लेखन का एक दृश्य।"

## यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज, प्रयागराज

तरुण शांति सेना और हिन्दी विभाग

### आओ साथ मिलकर पढ़े ...
BOOK STUDY CIRCLE



रीढ़ की हड्डी : जगदीश चंद्र माथुर

*दिनांक : 23:11:2022* *समय : 3:20 बजे*

*स्थान : एम बी 7, हिन्दी विभाग*

स्वप्निल, 9960001097
(सहायक आचार्य, गणित विभाग)
सुदीप, 9958993490
(सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग)

## यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज, प्रयागराज

तरुण शांति सेना और हिन्दी विभाग

### आओ साथ मिलकर पढ़े ...
BOOK STUDY CIRCLE



पंचलाइट : फणीश्वर नाथ रेणु

दिनांक : 30.11.2022 *समय : 3:20 बजे*

*स्थान : एम बी 7, हिन्दी विभाग*

स्वप्निल, 9960001097
(सहायक आचार्य, गणित विभाग)
सुदीप, 9958993490
(सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग)

## यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज, प्रयागराज

तरुण शांति सेना और हिन्दी विभाग

### आओ साथ मिलकर पढ़े ...
BOOK STUDY CIRCLE



मारे गए गुलफ़ाम : फणीश्वरनाथ रेणु

दिनांक : 15.02.23 *समय : 3:20 बजे*

स्थान : एम बी 7, हिन्दी विभाग

स्वप्निल, 9960001097
(सहायक आचार्य, गणित विभाग)
सुदीप, 9958993490
(सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग)

## यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज, प्रयागराज

तरुण शांति सेना और हिन्दी विभाग

### आओ साथ मिलकर पढ़े ...
BOOK STUDY CIRCLE




ईदगाह : प्रेमचंद

दिनांक : 22.03.23 *समय : 3:30 बजे*

स्थान : एम बी 7, हिन्दी विभाग

स्वप्निल, 9960001097
(सहायक आचार्य, गणित विभाग)
सुदीप, 9958993490
(सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग)

द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त निबंधों को तरूण शान्ति सेना की वार्षिक पत्रिका तरुण घोष में छपने के के लिए चयनित किया गया है। सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को बहुत बहुत बधाई।






आज दिनाँक 27 अप्रैल 2023 को तरुण शान्ति सेना की दीवार पत्रिका "तरुण मित्र" के सत्र 2022-23 के प्रथम अंक का विमोचन गणित विभाग के डॉ अनिल कुमार शुक्ल के द्वारा किया गया। 2019 के बाद कोरोना के कारण तरुण शान्ति सेना की नियमित गतिविधियां सुचारू रूप से नहीं हो पा रही थीं। तीन साल बाद दीवार पत्रिका के निकलने से विद्यार्थियों में जोश का संचार हुआ है। इससे निश्चित रूप से गतिविधियों में निरंतरता एवं विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार होगा। पत्रिका को निकालने में अंकिता शर्मा, खुशी सिंह, शालिनी एवं दुर्गेश मिश्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर तरुण शान्ति सेना के निदेशक स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि दीवार पत्रिका अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। यह संवाद करने का एक तरीका है जो सदा से ही विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय रहा है। इसके द्वारा विद्यार्थियों में एक नई चेतना का संचार होता है। दीवार पत्रिका की मूल प्रति तरुण शान्ति सेना कार्यालय के सूचना पट्ट पर तथा दो प्रतियां हिन्दी विभाग एवं गणित विभाग में सूचना पट्ट पर पढ़ी जा सकती है।




आज दिनांक 28 अप्रैल 2023 को तरुण शान्ति सेना की दीवार पत्रिका तरुण मित्र का अवलोकन करते जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ मलखान सिंह, साथ में महाविद्यालय के आचार्यगण एवं छात्र।